F.No. 15-75/1/NMA/HBL-2021

Government of India
Ministry of Culture
National Monuments Authority

PUBLIC NOTICE

It is brought to the notice of public at large that the draft Heritage Bye-Laws of Centrally Protected Monument "Nanda Lal Temple, Jora Mandir, Radhagobinda Temple, Radhamadhab Temple and Kala Chand Temple, Locality- Bishnupur, District- Bankura, West Bengal" have been prepared by the Authority, as per Section 20(E) of Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains Act, 1958. In terms of Rule 18 (2) of National Monuments Authority (Appointment, Function and Conduct of Business) Rules, 2011, the above proposed Heritage Bye-Laws are uploaded on the following websites for inviting objections or suggestions from the Public:

i. National Monuments Authority **www.nma.gov.in**
ii. Archaeological Survey of India **www.asi.nic.in**
iii. Archaeological Survey of India, Kolkata Circle **www.asikolkata.in**

2. Any person having any objections or suggestion may send the same in writing to Member Secretary, National Monuments Authority, 24, Tilak Marg, New Delhi- 110001 or mail at the email ID **hbl-section@nma.gov.in** latest by 9th September, 2021. The person making objections or suggestion should also give his name and address.

3. In terms of Rule 18(3) of National Monuments Authority (Appointment, Function and Conduct of Business) Rules, 2011, the Authority may decide on the objections or suggestions so received before the expiry of the period of 30 days i.e. 9th September, 2021, consultation with Competent Authority and other Stakeholders.

(N.T.Paite)
Director, NMA
11th August, 2021

भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CULTURE
NATIONAL MONUMENTS AUTHORITY

नंद लाल मंदिर, जोड़ मंदिर, राधागोविंद मंदिर, राधामाधव मंदिर और कला चंद मंदिर, स्थान - बिष्णुपुर, जिला, बांकुरा, पश्चिम बंगाल के लिये धरोहर उप-विधि

Heritage Byelaws for **Nanda Lal Temple, Jora Mandir, Radhagobinda Temple, Radhamadhab Temple and Kala Chand Temple, Locality- Bishnupur, District – Bankura, West Bengal.**

भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण

प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 जिसे प्राचीन संस्मारक और पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (धरोहर उप नियम बनाना और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम, 2011 के नियम (22) के साथ पढ़ा जाए, की धारा 20 ङ द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार द्वारा संरक्षित स्मारक "**नंद लाल मंदिर, जोड़ मंदिर, राधागोविंद मंदिर, राधामाधव मंदिर और कला चंद मंदिर, स्थान - बिष्णुपुर, जिला, बांकुरा, पश्चिम बंगाल**" के लिए निम्नलिखित मसौदा धरोहर उप नियम जिन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा तैयार किया गया है, राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा शर्तें और कार्य निष्पादन), नियमावली, 2011 के नियम 18, उप नियम (2) द्वारा यथा अपेक्षित जनता से आपत्ति और सुझाव आमंत्रित करने के लिए एतत् द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

अधिसूचना के प्रकाशन के तीस दिनों के भीतर आपत्ति या सुझाव, यदि कोई हों, को सदस्य सचिव, राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (संस्कृति मंत्रालय), 24, तिलक मार्ग, नई दिल्ली के पास भेजा जा सकता है अथवा hbl-section@nma.gov.in पर ई-मेल कर सकते हैं।

उक्त मसौदा उप नियम के संबंध में किसी व्यक्ति से यथाविनिर्दिष्ट अवधि से पहले प्राप्त आपत्तियों या सुझावों पर राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण द्वारा विचार किया जाएगा।

धरोहर उप नियम

अध्याय I
प्रारंभिक

1.0 संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ-

(i) इन उप नियमों को केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित स्मारक "**नंद लाल मंदिर, जोड़ मंदिर, राधागोविंद मंदिर, राधामाधव मंदिर और कला चंद मंदिर, स्थान - बिष्णुपुर, जिला, बांकुरा, पश्चिम बंगाल**" के राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण धरोहर उप नियम, 2021 कहा जाएगा।

(ii) ये स्मारक के सम्पूर्ण प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र तक लागू होंगे।

(iii) ये उनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

1.1 परिभाषाएं-

(1) इन उप नियमों में**,** जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो**:-**

"प्राचीन संस्मारक" से कोई संरचना, रचना या स्मारक, या कोई स्तूप या स्थान या दफ़नगाह या कोई गुफा, शैल-मूर्ति, शिला-लेख या एकाश्मक जो ऐतिहासिक, पुरातत्वीय या कलात्मक रुचि का है और जो कम से कम एक सौ वर्षों से विद्यमान है, अभिप्रेत है, और इसके अंतर्गत निम्नलिखित आते हैं:

(i) किसी प्राचीन संस्मारक के अवशेष,

(ii) किसी प्राचीन संस्मारक का स्थल,

(iii) किसी प्राचीन संस्मारक के स्थल से लगी हुई भूमि का ऐसा भाग जो ऐसे संस्मारक को बाड़ से घेरने या आच्छादित करने या अन्यथा परिरक्षित करने के लिए अपेक्षित हो, तथा

(iv) किसी प्राचीन संस्मारक तक पहुंचने और उसके सुविधाजनक निरीक्षण के साधन;

(क) "पुरातत्वीय स्थल और अवशेष" से कोई ऐसा क्षेत्र अभिप्रेत है, जिसमें ऐतिहासिक या पुरातत्वीय महत्व के ऐसे भग्नावशेष या अवशेष हैं या जिनके होने का युक्तियुक्त रूप से विश्वास किया जाता है, जो कम से कम एक सौ वर्षों से विद्यमान है, और इनके अंतर्गत हैं-

(i) उस क्षेत्र से लगी हुई भूमि का ऐसा हिस्सा जो उसे बाड़ से घेरने या आच्छादित करने या अन्यथा परिरक्षित करने के लिए अपेक्षित हो, तथा

(ii) उस क्षेत्र तक पहुंचने और उसके सुविधापूर्ण निरीक्षण के साधन;

(ख) "अधिनियम" से आशय प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 (1958 का 24) से है;

(ग) "पुरातत्व अधिकारी" से भारत सरकार के पुरातत्व विभाग का कोई ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो सहायक पुरातत्व अधीक्षक से निम्नतर पद (रैंक) का नहीं है;

(घ) "प्राधिकरण" से अधिनियम की धारा 20च के अधीन गठित राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(ङ) "सक्षम प्राधिकारी" से केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार के पुरातत्व निदेशक या पुरातत्व आयुक्त के रैंक से नीचे न हो या समतुल्य रैंक का ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का पालन करने के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, सक्षम प्राधिकारी के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया हो:

बशर्ते कि केंद्रीय सरकार सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, धारा 20ग, 20घ और 20ङ के प्रयोजन के लिए भिन्न भिन्न सक्षम प्राधिकारी विनिर्दिष्ट कर सकेगी;

(च) "निर्माण" से किसी संरचना या भवन का कोई परिनिर्माण अभिप्रेत है, जिसके अंतर्गत उसमें ऊर्ध्वाकार या क्षैतिजीय कोई परिवर्धन या विस्तारण भी शामिल है, किन्तु इसके अंतर्गत किसी विद्यमान संरचना या भवन का कोई पुन:निर्माण, मरम्मत और नवीकरण या नालियों और जलनिकास सुविधाओं तथा सार्वजनिक शौचालयों, मूत्रालयों और इसी प्रकार की सुविधाओं का निर्माण, अनुरक्षण और सफाई या जनता के लिए जलापूर्ति की व्यवस्था करने के लिए आशयित सुविधाओं का निर्माण और अनुरक्षण या जनता के लिए विद्युत की आपूर्ति और वितरण के लिए निर्माण या अनुरक्षण, विस्तारण, प्रबंध या जनता के लिये इसी प्रकार की सुविधाओं के लिए व्यवस्था शामिल नहीं हैं;]

(छ) "तल क्षेत्र अनुपात (एफ.ए.आर.) से आशय सभी तलों के कुल आवृत्त क्षेत्र के (पीठिका क्षेत्र) भूखंड (प्लाट) के क्षेत्रफल से भाग करके प्राप्त होने वाले भागफल से अभिप्रेत है;

तल क्षेत्र अनुपात = भूखंड क्षेत्र द्वारा विभाजित सभी तलों का कुल आवृत्त क्षेत्र;

(ज) "सरकार" से आशय भारत सरकार से है;

(झ) अपने व्याकरणिक रूपों और सजातीय पदों सहित "अनुरक्षण" के अंतर्गत हैं किसी संरक्षित संस्मारक को बाड़ से घेरना, उसे कवर करना, उसकी मरम्मत करना, उसका पुनरूद्धार करना और उसकी सफाई करना, और कोई ऐसा कार्य करना जो किसी संरक्षित संस्मारक के परिरक्षण या उस तक सुविधाजनक पहुंच को सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक है;

(ञ) "स्वामी" के अंतर्गत निम्नलिखित आते हैं-

(i) संयुक्त स्वामी जिसमें अपनी ओर से तथा अन्य संयुक्त स्वामियों की ओर से प्रबंध करने की शक्तियाँ निहित हैं और किसी ऐसे स्वामी के हक-उत्तराधिकारी, तथा

(ii) प्रबंध करने की शक्तियों का प्रयोग करने वाला कोई प्रबंधक या न्यासी और ऐसे किसी प्रबंधक या न्यासी का पद में उत्तराधिकारी;

(ट) "परिरक्षण" से आशय किसी स्थान की विद्यमान स्थिति को मूल रूप से बनाए रखना और खराब होती स्थिति की गति को धीमा करना है;

(ठ) "प्रतिषिद्ध क्षेत्र" से धारा 20क के अधीन प्रतिषिद्ध क्षेत्र के रूप में विनिर्दिष्ट क्षेत्र या घोषित किया गया कोई क्षेत्र अभिप्रेत है;

(ड) "संरक्षित क्षेत्र" से कोई ऐसा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अभिप्रेत है, जिसे इस अधिनियम के द्वारा या उसके अधीन राष्ट्रीय महत्व का होना घोषित किया गया है;

(ढ) "संरक्षित संस्मारक" से कोई ऐसा प्राचीन संस्मारक अभिप्रेत है, जिसे इस अधिनियम के द्वारा या उसके अधीन राष्ट्रीय महत्व का होना घोषित किया गया है;

(ण) "विनियमित क्षेत्र" से धारा 20ख के अधीन विनिर्दिष्ट या घोषित किया गया कोई क्षेत्र अभिप्रेत है;

(त) "पुन:निर्माण" से किसी संरचना या भवन का उसकी पूर्व विद्यमान संरचना में ऐसा कोई परिनिर्माण अभिप्रेत है, जिसकी क्षैतिजीय और ऊर्ध्वाकार सीमाएं समान हैं;

(थ) "मरम्मत और पुनरुद्धार" से किसी पूर्व विद्यमान संरचना या भवन के परिवर्तन अभिप्रेत हैं, किन्तु इसके अंतर्गत निर्माण या पुन:निर्माण शामिल नहीं होंगे।

(2) इसमें प्रयुक्त किंतु अपरिभाषित शब्दों और पदों का वही अर्थ होगा जो अधिनियम में दिया गया है।

अध्याय II

प्राचीन संस्मारक और पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958 की पृष्ठभूमि (एएमएएसआर) अधिनियम, 1958

2. **अधिनियम की पृष्ठभूमि** : धरोहर उपनियमों का उद्देश्य केंद्र द्वारा संरक्षित स्मारकों की सभी दिशाओं में 300 मीटर के अंदर भौतिक, सामाजिक और आर्थिक दखल के बारे में मार्गदर्शन देना है। 300 मीटर के क्षेत्र को दो भागों में बॉटा गया है (i) **प्रतिषिद्ध क्षेत्र,** यह क्षेत्र संरक्षित क्षेत्र अथवा संरक्षित स्मारक की सीमा से शुरू होकर सभी दिशाओं में एक सौ मीटर की दूरी तक फैला है और (ii) **विनियमित क्षेत्र,** यह क्षेत्र प्रतिषिद्ध क्षेत्र की सीमा से शुरू होकर सभी दिशाओं में दो सौ मीटर की दूरी तक फैला है।

अधिनियम के उपबंधों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति संरक्षित क्षेत्र और प्रतिषिद्ध क्षेत्र में किसी प्रकार का निर्माण अथवा खनन का कार्य नहीं कर सकता जबकि ऐसा कोई भवन अथवा संरचना जो प्रतिषिद्ध क्षेत्र में 16 जून,1992 से पूर्व मौजूद थी अथवा जिसका निर्माण बाद में महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की अनुमति से हुआ था, विनियमित क्षेत्र में किसी भवन अथवा संरचना निर्माण, पुन:निर्माण, मरम्मत अथवा पुनरुद्धार की अनुमति सक्षम प्राधिकारी से लेना अनिवार्य है।

2.1 **धरोहर उप नियमों से संबंधित अधिनियम के उपबंध :** प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम,1958, धारा 20ङ और प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष (धरोहर उप नियमों का निर्माण और सक्षम प्राधिकारी के अन्य कार्य) नियम 2011, नियम 22 में केंद्र द्वारा संरक्षित स्मारकों के लिए उप नियम बनाना विनिर्दिष्ट है। नियम में धरोहर उप नियम बनाने के लिए मापदंडों का प्रावधान है। राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा शर्ते तथा कार्य संचालन) नियम, 2011, नियम 18 में प्राधिकरण द्वारा धरोहर उप नियमों को अनुमोदन की प्रक्रिया विनिर्दिष्ट है।

2.2 **आवेदक के अधिकार और जिम्मेदारियां:** प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 की धारा 20ग में प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मरम्मत और पुनरुद्धार अथवा विनियमित क्षेत्र में निर्माण अथवा पुनर्निर्माण अथवा मरम्मत या पुनरुद्धार के लिए आवेदन का विवरण नीचे दिए गए विवरण के अनुसार विनिर्दिष्ट है:

(क) कोई व्यक्ति जो किसी ऐसे भवन अथवा संरचना का स्वामी है जो 16 जून,1992 से पहले प्रतिषिद्ध क्षेत्र में मौजूद था अथवा जिसका निर्माण इसके उपरांत

महानिदेशक के अनुमोदन से हुआ था तथा जो ऐसे भवन अथवा संरचना का किसी प्रकार की मरम्मत अथवा पुनरुद्धार का काम कराना चाहता है, जैसी भी स्थिति हो, ऐसी मरम्मत और पुनरुद्धार को कराने के लिए सक्षम प्राधिकारी को आवेदन कर सकता है।

(ख) कोई व्यक्ति जिसके पास किसी विनियमित क्षेत्र में कोई भवन अथवा संरचना अथवा भूमि है और वह ऐसे भवन अथवा संरचना अथवा जमीन पर कोई निर्माण, अथवा पुन:निर्माण अथवा मरम्मत अथवा पुनरुद्धार का कार्य कराना चाहता है, जैसी भी स्थिति हो, निर्माण अथवा पुन:निर्माण अथवा मरम्मत अथवा पुनरुद्धार के लिए सक्षम प्राधिकारी को आवेदन कर सकता है।

(ग) सभी संबंधित सूचना प्रस्तुत करने तथा राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा सदस्यों की सेवा की शर्तें और कार्यप्रणाली) नियम, 2011 के अनुपालन की जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

अध्याय III

केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित स्मारक - नंद लाल मंदिर, जोड़ मंदिर, राधागोविंद मंदिर, राधामाधव मंदिर और कला चंद मंदिर, स्थान - बिष्णुपुर, जिला, बांकुरा, पश्चिम बंगाल" का स्थान एवं अवस्थिति

3.0 स्मारक का स्थान एवं अवस्थिति:-

- मंदिरों के जीपीएस निर्देशांक निम्नानुसार हैं:
  i. नंद लाल मंदिर - 23° 3'40.92" उत्तरी अक्षांश, 87°19'22.84" पूर्वी देशांतर
  ii. जोड़ मंदिर - 23° 3'37.43" उत्तरी अक्षांश, 87°19'18.88" पूर्वी देशांतर
  iii. राधागोविंद मंदिर - 23° 3'36.54" उत्तरी अक्षांश, 87°19'23.33" पूर्वी देशांतर
  iv. राधामाधव मंदिर - 23° 3'34.60" उत्तरी अक्षांश, 87°19'28.65" पूर्वी देशांतर
  v. कला चंद मंदिर - 23° 3'32.46" उत्तरी अक्षांश, 87°19'33.39" पूर्वी देशांतर
- ये संस्मारक बिष्णुपुर के दक्षिण में, रामानंद रोड पर लाल बांध के निकट अवस्थित हैं।
- संस्मारकों तक राष्ट्रीय राजमार्ग 14 (संस्मारक के 2.8 किलोमीटर दक्षिण दिशा से) के साथ साथ राज्य राजमार्ग 2 (संस्मारक के 4.3 किलोमीटर उत्तर दिशा में) से पहुंचा जा सकता है। बिष्णुपुर बस अड्डा और बिष्णुपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन

पश्चिम दिशा में 1.7 किलोमीटर और 3.7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, दम दम, कोलकाता, सबसे निकटतम हवाई अड्डा है, जो संस्मारक से पूर्व दिशा में लगभग 140 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।



चित्र 1: प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र सहित नंद लाल मंदिर, जोड़ मंदिर, राधागोविंद मंदिर, राधामाधव मंदिर और कला चंद मंदिर, स्थान - बिष्णुपुर, जिला, बांकुरा, पश्चिम बंगाल की अवस्थिति को दर्शाता गूगल मानचित्र

3.1 संस्मारकों की संरक्षित सीमा:

केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित स्मारक - नंद लाल मंदिर, जोड़ मंदिर, राधागोविंद मंदिर, राधामाधव मंदिर और कला चंद मंदिर, स्थान - बिष्णुपुर, जिला, बांकुरा, पश्चिम बंगाल की संरक्षित सीमाएं **अनुलग्नक-I** में देखी जा सकती हैं।

3.1.1 भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (ए.एस.आई.) के अभिलेखों के अनुसार अधिसूचना मानचित्र/योजना:

नंद लाल मंदिर, जोड़ मंदिर, राधागोविंद मंदिर, राधामाधव मंदिर और कला चंद मंदिर, स्थान - बिष्णुपुर, जिला, बांकुरा, पश्चिम बंगाल की राजपत्र अधिसूचना की प्रति **अनुलग्नक-II** पर देखी जा सकती है।

3.2 स्मारक का इतिहास:

नंद लाल मंदिर का निर्माण लगभग 17वीं शताब्दी ईस्वी में हुआ माना जाता है।

डॉ. ब्लॉक, पुरातत्व सर्वेक्षण अधीक्षक, पूर्वी परिमंडल के अनुसार बारह पुराने मंदिरों (डेटिड टेंपल्स) का कालानुक्रम निम्नानुसार है:*

मल्ला वर्ष में तारीख	ईसवी सन में तारीख	मंदिर का नाम	किसके द्वारा बनाया गया
962	1656	कला चंद	बीर हम्बीर सिंह के पुत्र रघुनाथ सिंह
1032	1726	जोड़ मंदिर	सम्भवत: गोपाल सिंह
1035	1729	राधागोविंद	गोपाल सिंह के पुत्र कृष्ण सिंह
1043	1737	राधामाधव	चूड़ामणि, अंतिम राजा की रानी

वर्ष 1903-04 के लिए पुरातत्व सर्वेक्षण बंगाल परिमंडल की रिपोर्ट और वर्ष 1903-04 के लिए भारतीय पुरात्तव सर्वेक्षण की रिपोर्ट। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट के भाग VIII के पृष्ठ 203-205 में श्री बेलगर द्वारा एक अलग कालक्रम दिया गया है।

3.3 स्मारक का विवरण (वास्तुकला विशेषताएं, तत्व, सामग्री आदि)

1. **नंद लाल मंदिर:** *एकरत्न* प्रकार का यह मंदिर, लेटराइट पत्थर का बना हुआ है, जिसकी बंगाल के प्रकार की वक्राकार छत वाले एक वर्गाकार भवन पर एक शिखर (टावर) स्थित है। यह लालबांध के उत्तर में स्थित है। इस दक्षिणमुखी मंदिर में केवल तीन महराबदार द्वारों के पार्श्वों पर उपलब्ध स्थान पर ही अलंकरण है।

2. **जोड़ मंदिर:** लालबांध के समीपवर्ती स्थान पर स्थानीय छप्पर की झोपड़ी-नुमा प्रकार के और उत्तरी भारत के *शिखर* वाले लेटराइट से निर्मित तीन मंदिर स्थित हैं। तीनों मंदिरों में से बीच में स्थित मंदिर थोड़ा बड़ा है और इसे रामायण और कृष्ण लीला के दृश्यों को दर्शाते हुए व्यापक और वर्णनात्मक अलंकरण के साथ सजाया गया है। इस पूरे परिसर को जोड़ मंदिर के नाम से जाना जाता है।

3. **राधागोविंद मंदिर:** *एकरत्न* प्रकार का यह पूर्व-मुखी मंदिर लेटेराइट के ब्लॉक से बना हुआ है जिसका अग्रभाग त्रि-महराबदार है जिसके पीछे एक अंडाकार गलियारा है। इसकी पिछली दीवार में पवित्र कक्ष का प्रवेश द्वारा बना हुआ है। अग्रभाग की सम्पूर्ण दीवार और वक्राकार कंगनी (कॉर्निस) के नीचे की दीवार को नक्काशी सजावट के साथ अंलकृत किया गया है। इसमें बंगाल के मंदिर की वास्तुकला की छप्पर-नुमा झोपड़ी शैली में एक वर्गाकार निचली मंजिल स्थित है जिसके ऊपर

एक घुमावदार शिखर (टावर) है। मंदिर के आंगन में पत्थर से निर्मित एक सुंदर रथ है।

4. **राधामाधव मंदिर:** लाल बांध के दक्षिण की ओर *एकरत्न* प्रकार का लेटेराइट से निर्मित आकर्षक मंदिर स्थित है, जो वहां स्थित मंदिरों के समूह में से एक है। मंदिर के दक्षिण भाग एक त्रि-महराबदार द्वार है जिसके माध्यम से अंडाकार गलियारे में प्रवेश किया जाता है। इसकी पिछली दीवार में पवित्र कक्ष का महराबदार प्रवेशद्वार बना हुआ है। मंदिर की पूर्वी दीवार में एक अन्य गलियारा है जिसके तीन महराबदार द्वार है। मंदिर की बुनियाद पर पक्षियों, पशुओं एवं पौराणिक दृश्यों की पंक्ति दर्शायी गयी है। पार्श्व दीवार और कंगनी (कॉर्निस) के निचले भाग पर एक अति मनोहर ढंग से दर्शाई गई ऊभरी हुई नक्काशी की मूर्तिकला का अलंकरण स्थित है। महराब की पार्श्वों और स्तम्भों के क्षेत्र को भी विभिन्न प्रसंगों वाली ऊभरी हुई नक्कासी के साथ अलंकृत किया गया है। इन सजावटों के अधिकांश क्षेत्र को कृष्ण लीला के दृश्यों, *दशावतार,* पुष्प-अलंकरणों को दर्शाते हुए सजाया गया हैं। इस मंदिर में स्थित *दो-चाला* प्रकार का एक *भोगमंड* (उच्चतापसह कक्ष) इसकी एक विशिष्ट विशेषता है जो इस स्थल पर स्थित अन्य किसी मंदिर में स्थित नहीं है।

5. **कला चंद मंदिर:** यह मंदिर लेटराइट पत्थर का बना हुआ है। यह मंदिर *एकरत्न* मंदिर की श्रेणी में आता है जिसकी ककुदनुमा छत के केंद्र में एक लम्बा एकल रत्न स्थित है। मंदिर की सभी पार्श्वों का अग्रभाग त्रि-महराबदार है। इसे स्टको प्लास्टर से आवृत्त किया गया था जो कि अधिकांशतः ओझल हो चुका है। दक्षिण भाग पर पट्टिका लगी थीं जिन पर चित्रात्मक मूर्ति आकृतियां मुद्रित थी जिनके लेटराइट से निर्मित मूल भाग को महीन चूने (स्टको) से पलस्तर किया गया था। इन पर *दशावतार* और अन्य उत्कीर्णन दर्शाए गए थे। यह पलस्तर अधिकांशतः हट गया है जिसका गढ़ा हुआ अपरिष्कृत लेटराइट से निर्मित मूल भाग दिखने लगा है।

3.4 वर्तमान स्थिति :

3.4.1 स्मारकों की स्थिति:

इन स्मारकों के परिरक्षण की स्थिति अच्छी है।

3.4.2 प्रतिदिन आने वाले और कभी-कभी आने वाले दर्शकों की संख्या:

सामान्य मौसम में मंदिर में प्रतिदिन लगभग 50-100 दर्शक आते हैं। अक्तूबर-फरवरी के महीनों के दौरान दर्शकों की संख्या में बहुत अधिक वृद्धि हो जाती है, जिसमें इस मंदिर को देखने प्रतिदिन लगभग 2000-3000 दर्शक आते हैं।

अध्याय IV

4.0 स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में मौजूदा क्षेत्रीकरण, यदि कोई है

स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में कोई विशिष्ट क्षेत्रीकरण नहीं किया गया है। ये स्मारक बिष्णुपुर नगरपालिका के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आते हैं।

4.1 स्थानीय निकायों के मौजूदा दिशानिर्देश :

इन्हें **अनुलग्नक-III** में देखा जा सकता है।

अध्याय V

प्रथम अनुसूची, नियम 21 (1)/भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण अभिलेख में परिभाषित सीमाओं के आधार पर निषिद्ध और विनियमित क्षेत्रों के कुल स्टेशन सर्वेक्षण के अनुसार जानकारी।

5.0 नंद लाल मंदिर, जोड़ मंदिर, राधागोविंद मंदिर, राधामाधव मंदिर और कला चंद मंदिर, स्थान - बिष्णुपुर, जिला- बांकुरा, पश्चिम बंगाल का समोच्च मानचित्र

इन्हें **अनुलग्नक- IV** में देखा जा सकता है।

5.1 सर्वेक्षण किए गए आंकड़ों का विश्लेषण:

5.1.1 निषिद्ध क्षेत्र और विनियमित क्षेत्र का विवरण:

- संस्मारकों का कुल संरक्षित क्षेत्र :
    1. नंद लाल मंदिर - 1441.88 वर्गमीटर
    2. जोड़ मंदिर - 5390.32 वर्गमीटर
    3. राधागोविंद मंदिर - 1575.46 वर्गमीटर
    4. राधामाधव मंदिर और कला चंद मंदिर - 12,369.54 वर्गमीटर

- स्मारक का कुल प्रतिषिद्ध क्षेत्र 168620.71 वर्गमीटर है।
- स्मारक का कुल विनियमित क्षेत्र 516159.9 वर्गमीटर है।

प्रमुख विशेषताएं:

- यह स्मारक लाल बांध के निकट बिष्णुपुर के दक्षित में स्थित है।
- स्मारक के दक्षिण और पूर्व दिशा में रिक्त/खुला स्थान स्थित है जिसमें कुछ भाग में वनस्पतियां उगी हुई हैं, कुछ भाग का उपयोग मुख्यतः कृषि प्रयोजनों के लिए किया जा रहा है.

5.1.2 निर्मित क्षेत्र का विवरण

प्रतिषिद्ध क्षेत्र

- **उत्तर -** 3 मीटर से 4 मीटर ऊंचाई की सीमा में अधिकांशतः एक मंजिला पक्के और कच्चे मकान; नंद लाल प्रांगण, चाय की दुकान (टी स्टाल);पोरा-मातीर हाट के लिए खुला मैदान विद्यमान है।
- **उत्तर-पूर्व -** 3 मीटर से 4 मीटर ऊंचाई के अधिकांशतः एक मंजिला पक्के और कच्चे मकान; मध्यकाल के उपरांत निर्मित एक मंदिर मौजूद है।
- **दक्षिण -** 3 मीटर, 4 मीटर और 7 मीटर ऊंचाई के पक्के और कच्चे मकान तल; नंद लाल मंदिर के दक्षिण दिशा में जोड़ मंदिर और राधागोविंद मंदिर स्थित हैं।
- **पूर्व-** कम उगी हुई वनस्पतियों से युक्त विशाल खुला स्थान; एक लघु तालाब; जोड़ मंदिर के पूर्व दिशा में राधागोविंद मंदिर, राधामाधव मंदिर और कला चंद मंदिर स्थित हैं।
- **पश्चिम -** कम उगी हुई वनस्पतियों से युक्त खुला स्थान; राधामाधव मंदिर के पश्चिम दिशा में राधागोविंद मंदिर और जोड़ मंदिर स्थित हैं।
- **दक्षिण-पश्चिम -** 3 मीटर से 4.25 मीटर की सीमा में अधिकांशतः एक मंजिला पक्के और कच्चे मकान मौजूद हैं।

विनियमित क्षेत्र

- **उत्तर-पश्चिम:** 3 मीटर, 4 मीटर, 6.5 मीटर और 7 मीटर की ऊंचाई वाले आवासीय भवन; दुकानें; चिन्नामस्ता मंदिर; चिन्नामस्ता बाजार; दलमदल कैनन (एएसआई द्वारा संरक्षित); नलकूप; कुएं; विद्युत स्तंभ (इलेक्ट्रिक पोस्ट), प्रकाश स्तंभ (लैंप पोस्ट), कार्ट-ट्रैक रोड।
- **दक्षिण:** कुछ आवासीय भवन; एक लघु तालाब; कम उगी हुई वनस्पतियों से युक्त खुली जगह।
- **पूर्व:** इस क्षेत्र में ऐसी कोई निर्माण गतिविधि नहीं पाई गई है; लाल बांध (जलाशय); कुछ कृषि भूमि; दो लघु तालाब; उगी हुई वनस्पतियों से युक्त कुछ खुले स्थान।
- **पश्चिम:** 3 से 4 मीटर तक की ऊंचाई के आवासीय भवन; दुकानें; दलमदल रोड चिल्ड्रेन पार्क; ग्रामीण हाट; शांतिप्रिय समुदाय लॉज।

5.1.3. हरित/खुले स्थान का विवरण

प्रतिषिद्ध क्षेत्र

- **उत्तर**: नंद लाल प्रांगण, उगी हुई वनस्पतियों से युक्त कुछ खुले स्थान।
- **दक्षिण**: कम उगी हुई वनस्पतियों से युक्त कुछ खुले स्थान।
- **पूर्व**: कम उगी हुई वनस्पतियों से युक्त विशाल खुले स्थान।
- **पश्चिम**: कम उगी हुई वनस्पतियों से युक्त खुला स्थान (यह मैदान बिष्णुपुर मेला और साप्ताहिक पोरा मातिर हाट के लिए प्रयोग किया जाता है)।

विनियमित क्षेत्र

- **उत्तर:** तालाब, कुछ खुले स्थान; पेड़; लाल बांध (जलाशय)।
- **दक्षिण:** खुले स्थान, कुछ कृषि भूमि, एक लघु तालाब, कला चंद खेल का मैदान।
- **दक्षिण-पश्चिम:** सघन उगी हुई वनस्पति।

- **पूर्व:** लाल बांध (जलाशय), कुछ कृषि भूमि, दो लघु तालाब, उगी हुई वनस्पतियों से युक्त कुछ खुले स्थान।
- **पश्चिम:** कम उगी हुई वनस्पति के युक्त कुछ खुले स्थान।

5.1.4. परिचालन के अंतर्गत आने वाला आवृत्त क्षेत्र - सड़क, फुटपाथ आदि

सभी स्मारक तक संकरी खराब सड़क (कार्ट-ट्रैक रोड) के माध्यम से पहुंचा जा सकता है। परिवहन के मुख्य साधन मोटरसाइकिल, स्कूटर, साइकिल, कार, जीप, ऑटो-रिक्शा, बसें आदि हैं। नंद लाल मंदिर, जोड़ मंदिर, राधामाधव मंदिर, राधागोविंद मंदिर और कला चंद मंदिर तक क्रमशः दक्षिण, पश्चिम, दक्षिण, पूर्व और दक्षिण दिशा से पहुंचा जा सकता है।

5.1.5. भवनों की ऊंचाई (क्षेत्रवार):

- **उत्तर-पश्चिम:** अधिकतम ऊंचाई 7 मीटर है
- **दक्षिण :** अधिकतम ऊंचाई 6 मीटर है
- **पूर्व :** अधिकतम ऊंचाई 0 मीटर है
- **पश्चिम:** अधिकतम ऊंचाई 7 मीटर है

5.1.6 प्रतिषिद्ध/विनियमित क्षेत्र के अंतर्गत राज्य द्वारा संरक्षित स्मारकों और स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा सूचीबद्ध विरासत भवन यदि उपलब्ध हों:

दलमदल गन, जो कि केंद्र द्वारा संरक्षइ स्मारक है, संरक्षित क्षेत्र से उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर विनियमित क्षेत्र में स्थित है।

5.1.7. सार्वजनिक सुविधाएं :

स्मारक के आसपास और विनियमित क्षेत्र में कंक्रीट की सड़कें और संकरी सड़क पांचों संस्मारकों में अच्छी तरह से जुड़े रास्ते और एक दूसरे के बीच अच्छी संयोजकता, कम उगी हुई वनस्पतियों से युक्त खुले स्थान मौजूद हैं। दर्शकों के लिए स्मारक के संरक्षित क्षेत्र के भीतर फ़ुटपाथ, खुले स्थान, बिजली की आपूर्ति, सड़क का प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) और मल प्रवाह (सीवरेज) सुविधाएं उपलब्ध हैं। राधामाधब मंदिर और कला चंद मंदिर के संयुक्त परिसर में एक शौचालय खंड और पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध हैं। नंद लाल मंदिर, जोड़ मंदिर, और

राधागोविंद मंदिर में शौचालय खंड और पीने के पानी की सुविधा नहीं है। स्मारक के विनियमित क्षेत्र में कुछ होटल और विश्राम स्थल विद्यमान हैं।

5.1.8. स्मारक तक पहुंच:

यह स्मारक बिष्णुपुर के दक्षिण में रामानंद रोड पर लाल बांध के निकट स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 14 (स्मारक के दक्षिण दिशा में 2.8 किमी) के साथ-साथ राज्य राजमार्ग 2 (स्मारक के उत्तर दिशा में 4.3 किमी) के माध्यम से इस स्मारक तक पहुंचा जा सकता है। सभी सस्मारकों तक एक संकरी सड़क (कार्ट-ट्रैक रोड) के माध्यम से पहुँचा जा सकता है। परिवहन के मुख्य साधन मोटरसाइकिल, स्कूटर, साइकिल, कार, जीप, ऑटो रिक्शा, बस आदि हैं। नंद लाल मंदिर, जोड़ मंदिर, राधामाधव मंदिर, राधागविंद मंदिर और कला चंद मंदिर तक क्रमशः दक्षिण, पश्चिम, दक्षिण, पूर्व और दक्षिण की ओर से पहुँचा जा सकता है।

5.1.9. अवसंरचनात्मक सेवाएं {(जलापूर्ति, झंझाजल अपवाह तंत्र (स्टोर्म वाटर ड्रेनेज), जल-मल निकासी, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पार्किंग आदि)} :

संस्मारकों के संरक्षित क्षेत्र में पूरे वर्ष ऐसी कोई अवसंरचनात्मक सेवाएं उपलब्ध नहीं रहती हैं। संस्मारकों के संबंधित मुख्य द्वारों के पास स्मारकों के बाहर पार्किंग की जा सकती है। हालांकि, दिसंबर के महीने में बिष्णुपुर मेले के दौरान मोबाइल शौचालय, पेयजल सुविधा, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन आदि सेवाएं उपलब्ध रहती हैं।

5.1.10 क्षेत्र का प्रस्तावित क्षेत्रीकरण:

स्थानीय प्राधिकरणों में कोई विकास योजना उपलब्ध नहीं है**,** अतः निर्दिष्ट क्षेत्र के लिए कोई प्रस्तावित क्षेत्रीकरण अभिनिर्धारित नहीं किया जा सकता है।

कुछ दिशानिर्देश निम्नानुसार हैं:

i. पश्चिम बंगाल नगरपालिका (भवन) नियमावली, 2007
ii. कोलकाता नगर निगम अधिनियम, 1980
iii. पश्चिम बंगाल विरासत आयोग अधिनियम, 2001
iv. कोलकाता नगर निगम भवन नियमावली, 2009

अध्याय VI

स्मारक की वास्तुकलात्मक, ऐतिहासिक और पुरातात्विक मूल्य

6.0. वास्तुकलात्मक, ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व :

यह स्थान स्थानीय रूप से उपलब्ध लेटराइट पत्थरों से बने टेराकोटा मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। ये मंदिर संरचनात्मक रूप की सभी किस्मों का प्रदर्शन करते हैं, जो निचले बंगाल के मंदिर की वास्तुकला की परंपराओं को दर्शाते हैं।

<u>ऐतिहासिक महत्व:</u>

नंद लाल मंदिर का निर्माण 17वीं शताब्दी ईस्वी में हुआ माना जाता है।

डॉ. ब्लॉच, पुरातत्व सर्वेक्षण अधीक्षक, पूर्वी परिमंडल के अनुसार बारह दिनांकित मंदिरों (डेटिड टेम्पल्स) का कालानुक्रम निम्नानुसार है:*

मल्ला वर्ष में तारीख	ईसवी सन् में तारीख	मंदिर का नाम	किसके द्वारा बनाया गया
962	1656	कला चंद	बीर हम्बीर सिंह के पुत्र रघुनाथ सिंह
1032	1726	जोड़ मंदिर	सम्भवत: गोपाल सिंह
1035	1729	राधागोविंद	गोपाल सिंह के पुत्र कृष्ण सिंह
1043	1737	राधामाधव	चूड़ामणि, अंतिम राजा की रानी

** वर्ष 1903-04 के लिए पुरातत्व सर्वेक्षण बंगाल परिमंडल की रिपोर्ट और वर्ष 1903-04 के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट के भाग VIII के पृष्ठ 203-205 में श्री बेलगर द्वारा एक अलग कालक्रम दिया गया है।*

<u>पुरातात्विक महत्व</u>: इसमें मानव अस्तित्व को दर्शाने वाले अवशेष शामिल हैं। ये सभी अवशेष भूमि और क्षेत्र के लोगों के समृद्ध ऐतिहासिक अतीत का प्रमाण देते हैं।

6.1. स्मारक की संवेदनशीलता (उदाहरणार्थ : विकासात्मक दबाव, शहरीकरण, जनसंख्या दबाव आदि):

संस्मारकों के चारों ओर कम उगी हुई वनस्पति से युक्त खुले स्थानों का व्यापक विस्तार है। तथापि, स्मारक के उत्तर-पश्चिम और पश्चिम दिशा की ओर हाल के वर्षों में निर्माण गतिविधियां शुरू हुई हैं।

6.2. संरक्षित स्मारक/क्षेत्र से दृश्यता और विनियमित क्षेत्र से दृश्यता :

प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र की सभी दिशाओं से स्मारक तक दृश्यता - प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र की सभी दिशाओं से स्मारक कुछ हद तक दिखाई देता है।

स्मारक से दृश्यता - संस्मारकों से कम उगी हुई वनस्पति से युक्त खुली जगहों के व्यापक विस्तार को देखा जा सकता है।

6.3. भूमि-उपयोग की पहचान करना :

स्मारक का समीपवर्ती क्षेत्र का उपयोग अधिकांशतः आवासीय, व्यावसायिक और कृषि गतिविधियों के लिए किया जाता है।

6.4. संरक्षित स्मारक के अलावा पुरातात्विक विरासत अवशेष:

उत्तर दिशा की ओर प्रतिषिद्ध क्षेत्र में उत्तर मध्य युग में निर्मित किया गया एक मंदिर मौजूद है।

6.5. सांस्कृतिक परिदृश्य:

स्मारक के चारों ओर प्रतिषिद्ध क्षेत्र में बहुत कम निर्माण गतिविधियां विद्यमान हैं। किंतु, नंद लाल मंदिर और जोड़ मंदिर के उत्तर-पश्चिम और पश्चिम की ओर बहुत-सी निर्माण गतिविधियां देखी जा सकती है।

6.6 महत्वपूर्ण प्राकृतिक परिदृश्य जो सांस्कृतिक परिदृश्य का हिस्सा हैं और पर्यावरण प्रदूषण से संस्मारकों को संरक्षित करने में भी मदद करते हैं:

क्षेत्र में वायु और ध्वनि प्रदूषण संभवतः बहुत कम है। स्मारक के समीप वृक्षों और वनस्पतियों की वृद्धि स्मारक को शहर से आने वाले पर्यावरण प्रदूषण से बचाती है।

6.7 खुले स्थान का उपयोग और निर्माण:

- स्मारकों के समीप स्थित प्रतिषिद्ध और विनियमित क्षेत्र का उपयोग वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों के लिए किया जाता है:
- समीपवर्ती निर्माण मुख्य रूप से आवासीय उद्देश्यों के लिए किये जाते हैं और व्यावसायिक प्रयोजनों के लिए बहुत कम किए जातें हैं।
- जोड़ मंदिर परिसर के समीप खुले मैदान का उपयोग 'पोरा मतिर हाट' के लिए किया जाता है। 'पोरा मतिर हाट' का वास्तव में अर्थ - एक साप्ताहिक ग्रामीण बाजार है, जहां पकी हुई मिट्टी के उत्पाद बेचे जा रहे हैं।
- प्रत्येक वर्ष दिसंबर के महीने में नंद लाल मंदिर और जोड़ मंदिर के निकट स्थित मैदान में वार्षिक मेला, बिष्णुपुर मेला, आयोजित किया जाता है।
- स्मारक की पूर्व दिशा से दक्षिण-पश्चिम दिशा तक वनस्पति की उत्पत्ति के साथ खुले स्थान का व्यापक विस्तार; और बरसात के मौसम में हरे किंतु गर्मी के मौसम में शुष्क और सूखी कृषि भूमि, सम्भवतः धान की खेती के मैदान, देखे जा सकते हैं।
- स्मारक के उत्तर-पूर्व दिशा की ओर जलाशय के रूप में उपयोग किया जाने वाला लाल बांध है।

6.8 परंपरागत, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक कार्यकलाप:

नंद लाल मंदिर और जोड़ मंदिर के समीपवर्ती मैदान में बंगाली कैलेंडर के पौष के महीने में एक वार्षिक मेला, बिष्णुपुर मेला, आयोजित किया जाता है। मेले का स्थान कभी-कभी बदल दिया जाता है और इसका आयोजन अन्य स्थानों पर किया जाता है। बिष्णुपुर मेले में समय के दौरान पारंपरिक बंगाली संस्कृति में बदलाव की झलक दिखाते हुए, क्षेत्र की सांस्कृतिक समृद्धि का उत्सव मनाया जाता है। मेले के दौरान, संस्मारकों में भ्रमण के लिए आने वाले पर्यटकों की संख्या बहुत अधिक बढ़ जाती है जो कि प्रतिदिन लगभग 2000-3000 आगंतुक तक हो जाती है।

6.9 स्मारक और विनियमित क्षेत्रों से दिखाई देने वाला क्षितिज :

कम ऊंचाई वाले भवनों (आवासीय और व्यावसायिक), आम तौर पर एक मंजिला भवन, कम ऊॅचाई वाले भवनों **(**आवासीय और व्यायवसायिक**)** आम तौर पर एक मंजिला भवन की रूपरेखा देखी जा सकती है।

6.10 पारंपरिक वास्तुकला:

अधिकांश आधुनिक निर्माण हाल के वर्षों में देखने को मिले हैं, किंतु, अभी भी *चाला* प्रकार की छतों वाले बंगाली प्रकार के कुछ पारंपरिक ग्रामीण झोपड़पट्टी और मिट्टी के घर देखे जा सकते हैं, जिन्हें वास्तुकला की पारंपरिक निचली बंगाली शैली के रूप में जाना जाता है।

6.11 स्थानीय अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराई गई विकास योजना:

स्थानीय प्राधिकरणों में कोई विकास योजना विद्यमान नहीं है।

6.12 भवन से संबंधित मापदंड:

(क) **साइट पर निर्माण की ऊँचाई (खुली छत संरचना जैसे ममटी, पैरापेट, आदि सहित):**

स्मारक के विनियमित क्षेत्र के सभी तरह के भवनों की ऊँचाई **7** मीटर (सभी के साथ) तक सीमित रहेगी।

(**ख**) **तल क्षेत्र:** तल क्षेत्र अनुपात **(**एफएआर**)** स्थानीय भवन उप-विधियों के अनुसार होगा।

(**ग**) **उपयोग: -** स्थानीय भवन उप-विधियों के अनुसार भूमि-उपयोग में कोई परिवर्तन नहीं।

(घ) **अग्रभाग का डिजाइन: -**

अग्रभाग को स्मारक के परिवेश से मिलता-जुलता होना चाहिए।

(ङ) **खुली छत की डिजाइन: -**

स्थानीय परिवेश के अनुरूप होने के लिए ढलवां छत शैली का उपयोग किया जाए।

(च) भवन निर्माण सामग्री: -

पारम्परिक भवन निर्माण सामग्री का उपयोग किया जाए।

(छ) रंग: - स्मारकों के साथ मिलते-जुलते हल्के रंग का उपयोग किया जाए।

6.13 आगंतुक हेतु सुख-सुविधाएं:

साइट पर आगंतुक हेतु सुख-सुविधाएं जैसे रोशनी, प्रकाश एवं ध्वनि शो, शौचालय, विवेचन केन्द्र, कैफेटेरिया, पेयजल, स्मारिका दुकान, दिव्यांगजनों के लिए श्रव्य-दृश्य केंद्र, रैंप, वाई-फाई और ब्रेल सुविधा उपलब्ध होनी चाहिये।

अध्याय VII

स्थल विशिष्ट सिफारिशें

7.1 स्थल विशिष्ट सिफारिशें

(क) इमारत के चारों ओर छोड़ा गया क्षेत्र (सैटबैक)

- सामने के भवन का किनारा, मौजूदा सड़क की सीध में ही होना चाहिए। इमारत के चारों ओर छोड़ा गया क्षेत्र (सैटबैक) अथवा आंतरिक बरामदों या चबूतरों में न्यूनतम खाली स्थान की अपेक्षा को पूरा किया जाना चाहिए।

(ख) प्रक्षेपण (प्रोजेक्शंस)

- सड़क के 'निर्बाध' रास्ते से आगे भूमि स्तर पर बाधा मुक्त पथ में किसी सीढ़ी या पीठिका (प्लिंथ) की अनुमति नहीं दी जाएगी। सड़कों को मौजूदा भवन के किनारे की रेखा से 'निर्बाध' आयामों से जोड़ा जाएगा।

(ग) संकेतक (साइनेज)

- धरोहर क्षेत्र में साईनेज़ (सूचनापट्ट) के लिए एल.ई.डी. अथवा डिजिटल चिह्नों अथवा किसी अन्य अत्यधिक परावर्तक रासायनिक (सिंथेटिक) सामग्री का उपयोग नहीं किया जा सकता। बैनर लगाने की अनुमति नहीं दी जा सकती; किंतु विशेष आयोजनों/मेलों आदि के लिए इन्हें तीन से अधिक दिन तक नहीं लगाया जा सकता है। धरोहर क्षेत्र के भीतर पट विज्ञापन (होर्डिंग), पर्चे के रूप में कोई विज्ञापन अनुमत नहीं होगा।
- संकेतकों को इस तरह रखा जाना चाहिए कि वे किसी भी धरोहर संरचना या स्मारक को देखने में बाधा न आए और पैदल यात्री की ओर उनकी दिशा हो।
- स्मारक की परिधि में फेरीवालों और विक्रेताओं को खड़े होने की अनुमति नहीं दी जाए।

7.2 अन्य संस्तुतियां

- व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा सकता है।
- विनिर्दिष्ट मानकों के अनुसार दिव्यांगजनों के लिए व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी।
- इस क्षेत्र को प्लास्टिक और पोलिथीन मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाएगा।
- सांस्कृतिक विरासत स्थलों और परिसीमाओं के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिशानिर्देश https://ndma.gov.in/images/guidelines/Guidelines-Cultural-Heritage.pdf में देखे जा सकते हैं।

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CULTURE
NATIONAL MONUMENTS AUTHORITY

In exercise of the powers conferred by section 20 E of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains Act, 1958 read with Rule (22) of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains (Framing of Heritage Bye- laws and Other Functions of the Competent Authority) Rule, 2011, the following draft Heritage Bye-laws for the Centrally Protected Monument "Nanda Lal Temple, Jora Mandir, Radhagobinda Temple, Radhamadhab Temple and Kala Chand Temple, Locality- Bishnupur, District- Bankura, West Bengal", prepared by the Competent Authority, are hereby published, as required by Rule 18, sub-rule (2) of the National Monuments Authority (Conditions of Service of Chairman and Members of Authority and Conduct of Business) Rules, 2011, for inviting objections or suggestions from the public;

Objections or suggestions, if any, may be sent to the Member Secretary, National Monuments Authority (Ministry of Culture), 24 Tilak Marg, New Delhi or email at hbl_section@nma.gov.in within thirty days of publication of the notification;

The objections or suggestions which may be received from any person with respect to the said draft bye-laws before the expiry of the period, so specified, shall be considered by the National Monuments Authority.

Draft Heritage Bye-Laws

CHAPTER I

PRELIMINARY

1.0 Short title, extent and commencements: -

(i) These bye-laws may be called the National Monument Authority Heritage bye-laws 2021 of Centrally Protected MonumentNanda Lal Temple, Jora Mandir, Radhagobinda Temple, Radhamadhab Temple and Kala Chand Temple, Locality- Bishnupur, District- Bankura, West Bengal.
(ii) They shall extend to the entire Prohibited and Regulated Area of the monuments.
(iii) They shall come into force with effect from the date of their publication.

1.1 Definitions: -

(1) In these bye-laws, unless the context otherwise requires, -

(a) "ancient monument" means any structure, erection or monument, or any tumulus or place or interment, or any cave, rock sculpture, inscription or monolith, which is of historical, archaeological or artistic interest and which has been in existence for not less than one hundred years, and includes-

(i) The remains of an ancient monument,
(ii) The site of an ancient monument,
(iii) Such portion of land adjoining the site of an ancient monument as may be required for fencing or covering in or otherwise preserving such monument, and
(iv) The means of access to, and convenient inspection of an ancient monument;

(b)" archaeological site and remains" means any area which contains or is reasonably believed to contain ruins or relics of historical or archaeological importance which have been in existence for not less than one hundred years, and includes-

(i) Such portion of land adjoining the area as may be required for fencing or covering in or otherwise preserving it, and
(ii) The means of access to, and convenient inspection of the area;

(c) "Act" means the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains Act, 1958 (24 of 1958);

(d)"archaeological officer" means and officer of the Department of Archaeology of the Government of India not lower in rank than Assistant Superintendent of Archaeology;

(e)" Authority" means the National Monuments Authority constituted under Section 20 F of the Act;

(f) " Competent Authority" means an officer not below the rank of Director of archaeology or Commissioner of archaeology of the Central or State Government or equivalent rank, specified, by notification in the Official Gazette, as the competent authority by the Central Government to perform functions under this Act:
Provided that the Central Government may, by notification in the Official Gazette, specify different competent authorities for the purpose of section 20C, 20D and 20E;

(g)" construction" means any erection of a structure or a building, including any addition or extension thereto either vertically or horizontally, but does not include any re-construction, repair and renovation of an existing structure or building, or, construction, maintenance and cleansing of drains and drainage works and of public latrines, urinals and similar conveniences, or the construction and maintenance of works meant for providing supply or water for public, or, the construction or maintenance, extension, management for supply and distribution of electricity to the public or provision for similar facilities for public;

(h)"floor area ratio (FAR)" means the quotient obtained by dividing the total covered area (plinth area) on all floors by the area of the plot;

FAR = Total covered area of all floors divided by plot area;

(i) "Government" means The Government of India;

(j) "maintain", with its grammatical variations and cognate expressions, includes the fencing, covering in, repairing, restoring and cleansing of protected monument, and the doing of any act which may be necessary for the purpose of preserving a protected monument or of securing convenient access thereto;

(k) "owner" includes-

(i) a joint owner invested with powers of management on behalf of himself and other joint owners and the successor-in-title of any such owner; and

(ii) any manager or trustee exercising powers of management and the successor-in-office of any such manager or trustee;

(l) "preservation" means maintaining the fabric of a place in its existing and retarding deterioration.

(m) "Prohibited area" means any area specified or declared to be a Prohibited area under section 20A;

(n)"protected area" means any archaeological site and remains which is declared to be of national importance by or under this Act;

(o)"protected monument" means any ancient monument which is declared to be of national importance by or under this Act;

(p)"Regulated area" means any area specified or declared to be a Regulated area under section 20B;

(q)"re-construction" means any erection of a structure or building to its pre-existing structure, having the same horizontal and vertical limits;

(r) "repair and renovation" means alterations to a pre-existing structure or building, but shall not include construction or re-construction;

(2) The words and expressions used herein and not defined shall have the same meaning as assigned in the Act.

CHAPTER II

Background of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains (AMASR) Act, 1958

2.0 Background of the Act: -The Heritage Bye-Laws are intended to guide physical, social and economic interventions within 300m in all directions of the Centrally Protected Monuments. The 300m area has been divided into two parts (i) the **Prohibited Area,** the area beginning at the limit of the Protected Area or the Protected Monument and extending to a distance of one hundred meters in all directions and (ii) the **Regulated Area**, the area beginning at the limit of the Prohibited Area and extending to a distance of two hundred meters in all directions.

As per the provisions of the Act, no person shall undertake any construction or mining operation in the Protected Area and Prohibited Area while permission for repair and renovation of any building or structure, which existed in the Prohibited Area before 16 June, 1992, or which had been subsequently constructed with the approval of DG, ASI and; permission for construction, re-construction, repair or renovation of any building or structure in the Regulated Area, must be sought from the Competent Authority.

2.1 Provision of the Act related to Heritage Bye-laws: The AMASR Act, 1958, Section 20E and Ancient Monument and Archaeological Sites and Remains (Framing of Heritage Bye-Laws and other function of the Competent Authority) Rules 2011, Rule 22, specifies framing of Heritage Bye-Laws for Centrally Protected Monuments. The Rule provides parameters for the preparation of Heritage Bye-Laws. The National Monuments Authority (Conditions of Service of Chairman and Members of Authority and Conduct of Business) Rules, 2011, Rule 18 specifies the process of approval of Heritage Bye-laws by the Authority.

2.2 Rights and Responsibilities of Applicant: The AMASR Act, Section 20C, 1958, specifies details of application for repair and renovation in the Prohibited Area, or construction or re-construction or repair or renovation in the Regulated Area as described below:

(a) Any person, who owns any building or structure, which existed in a Prohibited Area before 16th June, 1992, or, which had been subsequently constructed with the approval of the Director-General and desires to carry out any repair or renovation of such building or structure, may make an application to the Competent Authority for carrying out such repair and renovation as the case may be.

(b) Any person, who owns or possesses any building or structure or land in any Regulated Area, and desires to carry out any construction or re-construction or repair or renovation of such building or structure on such land, as the case may be, make an application to the Competent Authority for carrying out construction or re-construction or repair or renovation as the case may be.

(c) It is the responsibility of the applicant to submit all relevant information and abide by the National Monuments Authority (Conditions of Service of Chairman and Members of the Authority and Conduct of Business) Rules, 2011.

CHAPTER III

Location and Setting of Centrally Protected Monument- Nanda Lal Temple, Jora Mandir, Radhagobinda Temple, Radhamadhab Temple and Kala Chand Temple, Locality- Bishnupur, District – Bankura, West Bengal.

3.0 Location and Setting of the Monuments: -

- GPS Coordinates of the following temples are:
  - i. Nanda Lal Temple: Lat.:23° 3'40.92"N, Long.:87°19'22.84"E
  - ii. Jora Mandir : Lat.:23° 3'37.43"N, Long.:87°19'18.88"E
  - iii. Radhagobinda Temple Lat.:23° 3'36.54"N, Long.: 87°19'23.33"E
  - iv. Radhamadhab Temple Lat.: 23° 3'34.60"N, Long.:87°19'28.65"E
  - v. Kala Chand Temple Lat.:23° 3'32.46"N, Long.:87°19'33.39"E
- The monuments lie to the south of Bishnupur, near the Lal Bandh in Ramananda Road.
- It can be reached from NH 14 (2.8 km south of the monument) as well as from SH 2 (4.3 km north of the monument).
- Bishnupur Bus Stand and Bishnupur Junction Railway Station are at a distance of 1.7km and 3.7km west of the monument. Netaji Subhash Chandra Bose International Airport, Dum Dum, Kolkata, is the nearest, at a distance of about 140 km east of the monument.



Map 1: Google map showing location of- Nanda Lal Temple, Jora Mandir, Radhagobinda Temple, Radhamadhab Temple and Kala Chand Temple, along with protected, prohibited and regulated area, Locality- Bishnupur, District- Bankura, West Bengal.

3.1 Protected boundary of the Centrally Protected Monuments:

The protected boundary of the Centrally Protected Monuments Nanda Lal Temple, Jora Mandir, Radhagobinda Temple, Radhamadhab Temple and Kala Chand Temple, Locality- Bishnupur, District – Bankura, West Bengal may be seen **Annexure-I.**

3.1.1 Notification Map/ Plan as per ASI records:

The copy of Notification of Nanda Lal Temple, Jora Mandir, Radhagobinda Temple, Radhamadhab Temple and Kala Chand Temple, Locality- Bishnupur, District – Bankura, West Bengal may be seen at **Annexure-II.**

3.2 History of the Monument:

The Nanda Lal temple is datable to c. 17th century CE.

According to Dr. Bloch, Superintendent of the Archaeological Survey, Eastern Circle, the twelve dated temples range in chronological order as follows*:

Date in Malla year	Date A.D.	Name of temple	By whom built
962	1656	Kala Chand	Raghunath Singh, son of Bir Hambir Singh
1032	1726	Jora Mandir	Probably Gopal Singh
1035	1729	Radhagobinda	Krishna Singh, son of Gopal Singh
1043	1737	Radhamadhab	Chodamani, queen of last Raja

**Report Arch. Surv. Bengal Circle, for 1903-04, and Report Arch. Surv. Ind. For 1903-04. A different chronology is given by Mr. Beglar in Reports Arch. Surv. Ind. Vol. VIII. pp.203-205.*

3.3 Description of the Monument (architectural features, elements, materials, etc.):

1. **Nanda Lal temple:** This *ek-ratna* type temple, built of laterite stone, has a tower resting on a square building with a Bengal-type curved roof. It is situated to the north of the Lalbandh. This south facing temple has ornamentation only on the space available by the sides of three arched openings.

2. **Jora Mandir:** In close vicinity to the Lal bandh stands three laterite temples built in the local thatched hut-type form and with the *shikhara* of the North India. Among the three the middle one is a bit larger and is decorated with extensive and elaborate ornamentation depicting the scenes from the Ramayana and Krishna Lila episodes.The entire complex is known as Jora Mandir.

3. **Radhagobinda Temple:** This east facing *ek-ratna* temple made of laterite blocks has triple-arched facade behind which is an oblong corridor. In the rear wall of it is the entrance doorway of the sanctum chamber. The entire front wall and the wall beneath the curved cornice are embellished with bas-relief decoration. It consists of a square lower

storey in thatched-hut fashion of Bengal Temple architecture with a curvilinear tower above it. There is a beautiful stone chariot in the temple compound.

4. **Radhamadhab temple:** Belonging to the group of temples located to the south of the Lal bandh, stands the impressive laterite temple of the *ek-ratna* type. The south of the temple has a triple-arched opening which gives access to the oblong corridor. In the back-wall of it is the arched opening to the sanctum cella. The eastern wall of the temple has another corridor which has a three arched opening. At the base of the temple are depicted rows of birds and animals and the Puranic episodes. On the side wall and lower part of the cornice exist elaborate sculptural reliefs shown in a very graceful manner. The area by the side of the arches and the pillars are also embellished with relief decoration dealing with various themes. The major area of these decorations is filled with scenes showing the Krishna Lila episodes, *Dasavatara* and floral designs. The temple has the compliment of a *Bhogamanda* (refractory hall) of the *do-chala* type, a unique feature not found with any temple at the site.

5. **Kala Chand Temple:** The temple is built of laterite stone. It belongs to the *ekratna* category with a tall single *ratna* in the center of its humped roof. There is triple-arched facade on all sides of the temple. It was covered with stucco plaster much of which has disappeared. On the south face there were panels containing figure sculptures with their laterite cores finished in stucco. They depicted *Dasavatara* and other figures. The plaster has largely lost leaving the crudely sculpted laterite core exposed.

3.4 Current Status

3.4.1 Condition of Monument:

The monuments are in a good state of preservation.

3.4.2 Daily footfalls and occasional gathering numbers:

Around 50-100 visitors per day come to visit the temple during the offseason. The number drastically increases during the months of October-February, to around 2000-3000 visitors visiting the temple daily.

CHAPTER IV

4.0 Existing Zoning if any in the local area development plans:

No specific zoning has been done in the local area development plans. The monuments come under the jurisdiction of Bishnupur Municipality.

4.1 Existing Guide lines of the Local Bodies:

It may be seen at **Annexure-III.**

CHAPTER V

Information as per First Schedule, Rule 21(1)/ total station survey of the Prohibited and the Regulated Areas on the basis of boundaries defined in Archaeological Survey of India records.

5.0 Contour map of Nanda Lal Temple, Jora Mandir, Radhagobinda Temple, Radhamadhab Temple and Kala Chand Temple, Locality- Bishnupur, District – Bankura, West Bengal

It may be seen at **Annexure- IV**.

5.1 Analysis of Surveyed Data:

5.1.1 Prohibited Area and Regulated Area details:

- Total Protected Area of the monuments
  1. Nanda Lal Temple - 1441.88 sq. m
  2. Jora Mandir - 5390.32 sq. m
  3. Radhagobinda Temple- 1575.46 sq. m
  4. Radhamadhab Temple and Kala Chand Temple: 12,369.54 sq. m
- Total Prohibited Area of the monument is 168620.71 sq.
- Total Regulated Area of the monument is 516159.9 sq. m

Salient Features:

- The monument lies to south of Bishnupur, near the Lal Bandh.
- To the south and east of the monuments lie vacant/open spaces with little vegetation growth, some being used mainly for agricultural purposes.

5.1.2 Description of built up area:

Prohibited Area:

- **North:** Pucca and kutcha houses mostly with ground floor ranging from 3m to 4m in height, Nanda Lal Prangan, tea stall and open ground for Pora-matir haat.
- **North-east:** Pucca and kutcha houses mostly with ground floor ranging from 3m-4m in height and a post-medieval temple.
- **South:** Pucca and kutcha houses r ranging from 3m, 4m and 7m in height. To the south of the Nanda Lal Temple, lies the Jora Mandir and the Radhagobinda Temple.
- **East:** Vast open spaces with sparse vegetation growth and a small water body. To the east of the Jora Mandir lie the Radhagobinda Temple, Radhamadhab Temple and the Kala Chand Temple.

- **West:** Open spaces with sparse vegetation growth. To the west of Radhmadhab temple lays the Radhagobinda Temple and the Jora Mandir.
- **South-west:** Pucca and kutcha houses mostly with ground floor ranging from 3m to 4.25m in height.

Regulated Area:

- **North-west:** Residential buildings ranging in height from 3m, 4m, 6.5m and 7m, shops, Chinnamasta Mandir, Chinnamsta Market, Dalmadal Canon (Centrally Protected), tube-well, wells, electric post, lamp-post and cart-track road.
- **South:** Few residential building, a small water body and open spaces with sparse vegetation growth.
- **East:** No construction activity seen in this area. Lal Bandh (water reservoir), few agricultural land, two small water bodies and few open spaces with sparse vegetation growth.
- **West:** Residential buildings ranging in height from 3m - 4m, shops, Dalmadal road, children park, Gramin Haat and Shantipriya community lodge.

5.1.3 Description of green/open spaces

Prohibited Area:

- **North:** Nanda Lal prangan and few open spaces with sparse vegetation growth.
- **South:** Few open spaces with sparse vegetation growth.
- **East:** Vast open spaces with sparse vegetation growth.
- **West:** Open spaces with sparse vegetation growth (this ground is used for Bishnupur Mela and weekly Pora Maatir Haat).

Regulated Area:

- **North:** Water bodies, few open spaces, trees and Lal Bandh (water reservoir).
- **South:** Open spaces, agricultural land, a small water body and Kala Chand playground.
- **South-west:** Dense vegetation growth.
- **East:** Lal Bandh (water reservoir), agricultural land, two small water bodies and few open spaces with sparse vegetation growth.
- **West:** Few open spaces with sparse vegetation growth.

5.1.4 Area covered under circulation – roads, footpaths, etc:

